सीबीएसई 12वीं में भी लड़कियों का डंका

85.20 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में पायी सफलता

शहर में सोनाक्षी गोयल बनीं टॉपर



सोनाक्षी गोयल

कानपुर,13 मई। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकण्डरी एजूकेशन(सीबीएसई) के बारहवीं के रिजल्ट देख सफलता पाकर मेधावी खुशी से उछल पड़े।

(शेष पृष्ठ 7 पर)

नयी दिल्ली, 13 मई (आज समाचार सेवा)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार को इंटरमीडिएट (12वीं) बोर्ड की परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। विद्यार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के अलावा डिजीलॉकर पोर्टल और उमंग एप पर इन परिणामों को चेक करके स्कोरकार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इस बार भी दक्षिण भारत के शहरों ने बाजी मारी है। वहीं पिछली बार की तरह इस बार भी लड़कियों ने परचम फहराया है। इस साल कुल 85.20 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं। इस वर्ष लड़कियों ने एक बार फिर बाजी मारते हुए लड़कों से बेहतर प्रदर्शन (शेष पृष्ठ 7 पर)

सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेन्टर में मेधावियों संग केक काटती विद्यालय की चेयर पर्सन मनोरमा गोविन्द हरि सिंहानिया व अन्य।

नीट का पेपर लीक होना सिस्टम का फेल्योर

कानपुर,13 मई। सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर में विज्ञान वर्ग की सोनाक्षी गोयल ने सीबीएसई बारहवीं के रिजल्ट में 99.6 फीसदी अंक हासिल कर टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है। सर्वोदय नगर निवासी सोनाक्षी गोयल का सपना चिकित्सा के क्षेत्र में जाकर कार्डियोलॉजिस्ट बनना है। सोनाक्षी गोयल ने पेपर लीक होने के बाद नीट एग्जाम रद्द होने के मामले कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उनका मानना है कि नीट पेपर का लीक होना सिस्टम का फेल्योर है। इसकी जांच होनी चाहिये। दोषियों पर कार्यवाही की जरूरत है। चार्टेड एकाउंटेंट गौतम गोयल व हाउस वाइफ शेफाली गोयल की बेटी ने बारहवीं में सफलता का श्रेय अपने टीचर्स व माता पिता को दिया है। उन्होने स्कूल में पढ़ाये गये विषयों का घर में एकाग्रता के साथ रिवीजन कर पायी है। टीचर्स के नोट्स बेहद कारगर साबित हुए हैं।



सर पदमपत के मेधावियों का दबदबा कायम

कानपुर,13 मई। सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर के मेधावियों का सीबीएसई 12वीं के रिजल्ट में दबदबा कायम रहा है। विज्ञान वर्ग की प्रतिभाशाली छात्रा सोनाक्षी गोयल ने 99.6 फीसदी हासिल कर विद्यालय के साथ सिटी टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है। विद्यालय की ओर से सोनाक्षी गोयल के नेशनल टॉपर होने का दावा किया गया है। अक्षरा सिंह व गौरवी जायसवाल ने 98.6 फीसदी हासिल कर मानविकी वर्ग में टॉपर रहीं हैं। जबकि मानविकी वर्ग के देवादित्य गुप्ता ने 98 .2 फीसदी अंक प्राप्त किये हैं। विद्यालय की चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया व प्रधानाचार्या भावना गुप्ता ने मेधावियों संग केट काट कर उन्हे बधाई दी है। वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया,वाइस चेयर पर्सन वर्षा सिंहानिया,निदेशक पार्थो पी कर ने मेधावियों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।